श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
29.10.2024
कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 67

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:55 बजे
अस्त - 05:25 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 20 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

झामुमो मय हो गया है पूरा झारखंड : मंत्री मिथिलेश >> पेज 03
एनडीए व इंडिया में परिवारवाद हावी पेज 04

## सुविचार

इंसान को इंसान की नजर से तोलिये, दो शब्द ही सही मगर प्यार से बोलिए!

## न्यूज अपडेट्स

### जमशेदपुर में 1.57 करोड़ के आभूषण जब्त

**जमशेदपुर।** चुनाव ड्यूटी में लगे टाटानगर आरपीएफ की उडनदस्ता टीम ने टाटानगर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 1.44 किलो सोना और 51 किलो चांदी सहित अन्य आभूषण जब्त किए हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विवेकानंद झा बताया और बताया कि वह जुगसलाई गोशाला नाला रोड का रहने वाला है। बरामद गहनों की कीमत एक करोड़ 57 लाख 79 हजार 614 रुपये आंकी गई है। मामले की सूचना आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को भी दे दी गई है।

### तीन छात्र कोयल नदी में डूबे

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदगांव पिकनिक स्थल पर स्थित नंदलाल फार्म के पास विद्या मंदिर प्लस टू के ग्यारवीं कक्षा के चार छात्र घूमने पहुंचे। इस दौरान नहाने के लिए कोयल नदी में उतर गए। गहरे पानी में जाने से तीन बच्चे डूब गये। घटना की सूचना पर प्रखंड प्रशासन, जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय गोताखोर बच्चों की खोजबीन कर रहे हैं। विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल से दो स्कूटी में चार बच्चे सवार होकर घूमने निकले। चारों बच्चे घूमते हुए कोयल नदी नहाने चले गए। नहाने के दौरान तीन बच्चे गहरे पानी में डूब गये।

**संग्राम** डुमरी में मुख्यमंत्री ने की सभा

# टाईगर के क्षेत्र में न घुस पाये लकड़बग्घा : हेमंत



**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को इंडी गठंबधन प्रत्याशी बेबी देवी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे वीर शहीद जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के नामांकन के आप साक्षी बने उसके लिए आपको नमन करता हूं। आज फिर से हमने इस डुमरी विधानसभा क्षेत्र को सेवा के लिए चुना है। बहुत सारे लोग इस चुनावी मैदान में है। उन्होंने कहा कि आपने हर चुनाव में वोट डाला है। आपको चुनाव में बहुत बताने की जरूरत नहीं है। बड़े भाई जगरनाथ महतो इस दुनिया में नहीं है। किन हालातों में बेबी देवी जी ने चूल्हा से निकलकर जगरनाथ महतो के रास्ते को अपनाया है वो किसी से छिपा नहीं है। हमलोग वोट मांगने आये हैं लेकिन इस बार पूरे अधिकार के साथ वोट मांगने आए हैं। हमारे लिए बहुत बड़ा चुनौती भरा सरकार था। पांच साल में हमलोगों ने उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने कहा कि इस पांच साल में हमें बहुत बड़ी-बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। हमारे दो-दो मंत्री को शहीद होना पड़ा है। जगरनाथ महतो की वजह से डुमरी के लोग अमन चैन से सोता था। आज उनके अधूरे कामों को बेबी देवी ने राह दिखाया है। आज इनको हमलोगों ने मंत्री भी बनाया है। हम महिला दीदी से पूछने चाहते हैं कि इस राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना पसंद आया है या नहीं। हमने ये संकल्प लिया है कि हमें और महिलाओं को मजबूत करना है। हमने ये तय किया है कि अगली बार फिर से सरकार बनाएंगे और इस राज्य की हर महिलाओं को एक लाख देंगे। दिसंबर से महिलाओं के खाते में ढाई हजार जाने लगेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत सारे लोग चुनावी मैदान में है। लकड़बग्घे की तरह इनको नोचने में लगे हैं। ध्यान रखिएगा ये जगरनाथ महतो का क्षेत्र है। उनके परिवार जनों की रक्षा हमने की है। इनको मंत्री बनाया है। क्षेत्र में इनकी रक्षा आपलोगों की जिम्मेदारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं डरा है। भाजपा के सामने तो हम झुके नहीं है तो इन छोटे-छोटे लोगों के सामने क्या झुकेंगे। आप बेबी देवी जी को आशीर्वाद दीजिए।

# जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को लूटा : मोहन यादव



बंशीधर न्यूज

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ सिंह और महागामा से अशोक कुमार भगत के नामांकन के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को लूटा है। भाजपा घोटालेबाजों का सफाया करेगी। यादव ने कहा कि गठबंधन सरकार में घोटाले ही घोटाले हुए हैं और यह स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद होना शर्मनाक है। सिर्फ मंत्री नहीं, बल्कि हेमंत सरकार के नेताओं के पीए, नौकर-चाकर के घरों से भी करोड़ों रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में आईएस, आईपीएस, डॉक्टर, और वकील जैसी प्रतिभाएं मौजूद हैं लेकिन युवाओं को अवसर नहीं मिल रहे। क्योंकि, जेएमएम और कांग्रेस के बईमानों का कब्जा है। यादव ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार वोट बैंक की राजनीति करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और आदिवासी बहनों के धर्मांतरण के जरिए उनकी जमीनों पर कब्जा करवा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लैंड जिहाद और लव जिहाद की नीति अपनाते हुए राज्य की संस्कृति और मूल्यों को खतरे में डाल रही है। इसलिए हेमंत सरकार को हटाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों से बहन, बेटी और माटी की रक्षा करने के लिए झारखंड में बीजेपी की सरकार बननी चाहिए।

## बाबूलाल, बेबी देवी व विनोद ने किए नामांकन



**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवम्बर को होने वाले चुनाव को लेकर सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार, डुमरी, बगोदर, गाण्डेय, जमुआ और गिरिडीह सदर सीट के लिए भाजपा, झामुमो, भाकपा-माले, जेकेएलएम, सपा फार्वर्ड ब्लॉक सहित अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। धनवार विस सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नामांकन किया। मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित काफी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे। इसी सीट से निरंजन राय ने (निर्दलीय) नामांकन किया। नामांकन रैली में काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। डुमरी विस सीट से हेमंत सोरेन सरकार की मंत्री बेबी देवी ने दूसरी बार नामांकन किया। बगोदर सीट से सीपीआई-एमएल के विधायक विनोद कुमार सिंह ने बगैर ताम-झाम के सादगीपूर्वक नामांकन किया। मौके पर पूर्व विधायक राज कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे। गाण्डेय से फारवर्ड ब्लॉक के राजेश यादव ने पर्चा दाखिल किया। जमुआ से समाजवादी पार्टी के देवानंद हाजरा ने नामांकन किया। गिरिडीह सदर सीट से भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक निर्भय शाहावादी ने नामांकन किया। नामांकन से पहले शाहावादी ने रोड शो किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार यादव, ई. विनय सिंह समेत अन्य मौजूद थे। गिरिडीह सीट से ही जेकेएलएम के नवीन चौरसिया ने भी रोड शो कर नामांकन किया।

## बरहेट और टुंडी से भाजपा ने की उम्मीदवारों की घोषणा

बंशीधर न्यूज



**रांची।** भाजपा ने दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषण कर दी है। इन दो सीटों में बरहेट और टुंडी का नाम शामिल है, जहां बरहेट से गमालियल हेंब्रम का नाम है, वहीं टुंडी से विकास महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। गमालियल हेम्ब्रम ने पांच साल पहले पारा टीचर की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखा। गमालियल हेम्ब्रम को खेल से गहरा लगाव है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन के खिलाफ विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। तब आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। इस संबंध में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सूची जारी की है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की यह दूसरी सूची है। इससे पहले भाजपा ने 66 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी।

**धनतेरस के दिन खोलें बैंक में खाता, तिजोरी में सुपारी रखने से बढ़ेगा धन : आचार्य चेतन**

# खरीदारी का सबसे बढ़िया समय शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक

**चतरा।** दीपों का त्योहार दीपावली 29 अक्टूबर मंगलवार को भगवान धन्वंतरि की जयंती धनतेरस के साथ शुरू हो रहा है। यह भ?ईया दूज तीन नवंबर तक चलेगा। धनतेरस खरीदारी करने का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस दिन लोग पूरे तामझाम के साथ खरीदारी करते हैं। धनतेरस के दिन खरीदारी करने का लोगों को पूरे एक वर्ष इंतजार होता है। चतरा के आचार्य चेतन पांडेय ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन कुछ चीजों की खरीदारी अशुभता का प्रतीक माना गया है। अर्थात इस दिन पूरे सोच समझकर खरीदारी करनी चाहिए। इन दिन आर्थिक समस्या से निपटने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं जिससे माता लक्ष्मी की हमेशा कृपा बनी रहे। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए उपाय से घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इन दिन कुछ ऐसे काम कर सकते हैं जिससे हमेशा घर में बरकत रहेगी। धनतेरस के दिन खरीदारी करते समय राहु काल अवश्य देखना चाहिए। इस बार धनतेरस मंगलवार को पड़ रहा है। इस दिन राहुकाल अपराह्न तीन से 4:30 तक रहेगा। राहु काल के दरमियान खरीदारी से बचना चाहिए। पंचांग के अनुसार खरीदारी का सबसे बढ़िया समय शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक है।

### धनतेरस पर ये जरूर खरीदें

धनतेरस के दिन सुख एवं समृद्धि में वृद्धि करने वाली



वस्तुओं को खरीदने का विधान है। इस दिन माता लक्ष्मी, गणेश जी एवं कुबेर से जुड़ी या प्रतीकात्मक वस्तुएं खरीदते हैं।

**लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा:** इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदना शुभ माना गया है। मिट्टी या शुद्ध चांदी या सोने की मूर्ति खरीद सकते हैं। इस दिन सोना चांदी खरीदने की परंपरा रही है।

**झाड़ू :** धनतेरस के दिन झाड़ू की खरीदारी करने से सुख समृद्धि आती है। मान्यता है झाड़ू में लक्ष्मी का वास होता है। इस दिन प्रदोष काल में झाड़ू की खरीदारी करना चाहिए।

**सोना चांदी के गहने:** इस दिन सोना चांदी के गहने खरीदने की परंपरा रही है। धनतेरस के दिन सोना या चांदी से बने जेवरात खरीदना चाहिए।

**नया खाता खोलें:** धनतेरस पर नया अकाउंट खोल सकते हैं। यह कारोबारियों के लिए अहम दिन होता है। शाम को होने वाले लक्ष्मी पूजा कारोबार के लिए शुभ मानी जाती है। इस दिन प्रतिष्ठानों में भगवान धन्वंतरि की पूजा करनी चाहिए।

### सुपारी से भरेगी तिजोरी

शास्त्रों के अनुसार, सुपारी को ब्रह्मदेव, वरुण देव, यमदेव और इंद्रदेव का प्रतीक माना गया है। धनतेरस को सुपारी और हल्दी की खरीदारी अवश्य करना चाहिए। पूजा के बाद सुपारी, धनियां और हल्दी को तिजोरी या अलमारी में रखना शुभ माना गया है।

### इन चीजों की खरीदारी से बचें

धनतेरस पर कई बार लोग जानकारी के अभाव में कुछ ऐसी भी वस्तुएं खरीद लेते हैं जो शास्त्र सम्मत नहीं मानी गई है। उन वस्तुओं को धनतेरस पर खरीदने से बचना चाहिए।

**लोहे की वस्तुएं:** लोहे को शनि व राहू का कारक माना गया है। इसलिए लोहे से बनी चीजों को धनतेरस पर भूलकर भी खरीदारी नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से त्यौहार पर धनकुबेर प्रसन्न नहीं होते।

**नुकीले व धारदार चीजें:** धारदार वस्तुएं चाकू, कैची, तलवार, या कोई धारदार समान धनतेरस के दिन खरीदने से परहेज करना चाहिए।

# माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिये पुलिस व सीआरपीएफ का चला सघन सर्च अभियान



बंशीधर न्यूज

**हुसैनाबाद :** एसपी के निर्देश पर विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर को एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। सीआरपीएफ की 93 वीं बटालियन और जिला बल ने हुसैनाबाद थाना के महुदंड और आसपास के मतदान केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नासो जमालपुर गांव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम और ठेगन मियां ने चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से आम जनता में भय फैलाने के लिये हथियारों का भंडार जमीन में गाड़ रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुये सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जंगल में जमीन के अंदर से एक दो नाली बंदूक और बारह बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये। इस बरामदगी के बाद हुसैनाबाद थाना में केस दर्ज किया गया। छापामारी दल में सीआरपीएफ की 93 वीं बटालियन के कंपनी कमांडर, पुनि कुन्दन सिंह, पुनि चंदन सिंह चौहान, पुअनि रवीन्द्र कुमार शर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी पुअनि संजय कुमार यादव, पुअनि अनंत कुमार सिंह, पुअनि रमण यादव, महुदंड ओपी प्रभारी सअनि कमलेश प्रताप सिन्हा एवं सैट-34 के जवान शामिल थे। इस छापेमारी से चुनाव में माओवादी हस्तक्षेप की कोशिशों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

## न्यूज अपडेट्स

### 2.28 लाख के मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करते महिला समेत दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** शहर थाना पुलिस ने चियांकी सेमा टोला के समीप मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करते एक महिला समेत दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सदर थाना अंतर्गत चियांकी टोला विजय नगर निवासी दुर्गा देवी (40) पति टिंकू मिस्त्री व गढ़वा जिले के सोनपुरवा निवासी संदीप कुमार गौड़ (42) पिता स्व छेदी मिस्त्री शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 11.40 ग्राम मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर), एमआई कम्पनी का रियलमी सी-11 का एक मोबाईल व एक हीरो स्प्लेंडर बाईक (जेएच03आर0316) बरामद किया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि कल शाम लगभग 3:40 बजे पलामू एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त टोला में मादक पदार्थों की खरीद बिक्री होने वाली है। सूचना के आधार पर सदर सीओ अमरदीप सिंह बलहोत्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने उक्त स्थल पर छापामारी की। सीओ ने संदीप की विधिवत तलाशी ली। पहने हुये लोवर के बांये पॉकेट से दो छोटे-छोटे पारदर्शी प्लास्टिक के पॉकेट में सीलबंद ब्राउन सुगर जैसा मादक पदार्थ एवं पहने हुये टी-सर्ट के पॉकेट से एक मोबाईल बरामद हुआ। बरामद ब्राउन सुगर कुल 11.40 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत बाजार में दो लाख अठाईस हजार रूपया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) वीरेन्द्र पिता नामालुम पता सासाराम से खरीदकर चियांकी के दुर्गा देवी, कसाई मुहल्ला निवासी मोनू कुरैशी व मोनू कुरैशी की पत्नी को बेचते हैं। संदीप ने यह भी बताया कि 24 अक्टूबर को वीरेन्द्र से मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) खरीदकर 27 अक्टूबर को चियांकी के दुर्गा देवी एवं मोनू कुरैशी एवं उनकी पत्नी को बेचने के लिये आया था।

## पलामू ▶ स्क्रूटनी में पांच नामांकन पत्र रद्द घोषित

# 94 नामांकन पत्र वैध

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सभी विधानसभा में नामांकन की संवीक्षा की गयी। जिसमे विभिन्न विधानसभा से 5 नामांकन रद्द किया गया। पलामू जिले में कुल 94 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये है। पांकी विधानसभा अन्तर्गत संवीक्षा में एक अभ्यर्थी देवेंद्र सिंह के नामांकन को रद्द कर दिया गया। जिसके बाद, सुमित कुमार यादव, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, वचन सिंह, नागेन्द्र कुमार, पंकज कुमार जयसवाल, रितेश कुमार गुप्ता, नितेश कुमार, विश्वनाथ साव, मुमताज अहमद खां, ओंकार नाथ, देवेन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार, अविनाश रंजन,



जितेन्द्र कुमार, विनय सिंह, लाल सुरज के नाम शामिल हैं। डालटनगंज विधानसभा संवीक्षा में एक अभ्यर्थी अयूब अंसारी के नामांकन को रद्द कर दिया गया। जिसके बाद मुन्ना कुमार, ललन चौधरी, महेश साव, दिलीप सिंह नामधारी, रूचिर कुमार तिवारी, अजय कुमार सिंह, आलोक कुमार चौरसीया, कृष्णा नन्द त्रिपाठी, अजिमुद्दीन मियां, विश्वास सिंह, ललन राम, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, सुनील प्रजापति, चनरधन सिंह, श्याम बिहारी राय, अशोक प्रसाद, भुपेन्द्र चौधरी, ओम प्रकाश गुप्ता, पंकज राम, श्रीराम सिंह, मुकेश कुमार प्रजापति, अनिकेत, अभय कुमार सिंह, इन्दु देवी के नाम शामिल हैं। विश्रामपुर विधानसभा अन्तर्गत संवीक्षा के बाद एक अभ्यर्थी अमित कुमार दुबे का नामांकन रद्द कर दिया जिसके बाद अनिल मस्त्री, राजीव रंजन पाण्डेय, जागृति, मसरूर अहमद खान, मनोज कुमार रवि, अंजु सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, विनित कुमार, रामचन्द्र चन्द्रवंशी, सुदिप्ता कुमार शर्मा, पुष्प रंजन, सिराजुद्दीनखान, राजेश मेहता, महाबीर सिंह चन्द्रवंशी, सुधीर कुमार, अजय दुबे, रजनी देवी, ब्रह्मदेव प्रसाद, लक्ष्मण सिंह नन्ददेव यादव के नाम शामिल हैं। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत दाखिल किये गये सभी नामांकन को वैध पाया गया। जिसमें चंद्रमा कुमारी, संदीप कुमार, अनिल मांझी, प्रीति राज, चंचला देवी, राधाकृष्णन किशोर, राजेश रौशन, अवधेश राम, ममता भुईयां, कन्हाई राम, विजय कुमार, पुष्पा देवी, लक्ष्मी रवि, कामेश्वर पासवान के नाम शामिल हैं। वहीं हुसैनाबाद विधानसभा मे संवीक्षा में दो अभ्यार्थियों अनिता देवी और मोस्लेहुउद्दीन तौसीफ के नामाकंन रद्द की गयी। जिसके बाद मनोज मेहता, कमलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार मेहता, अमरजीत कुमार, नरेश कुमार पासवान संजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह यादव, शुभद्रा कुमारी, गौतम कुमार, प्रभा देवी, विनोद कुमार सिंह, बाबर अंसारी, कमलेश कुमार यादव, राजेन्द्र यादव, ओम प्रकाश कुमार, अवधेश सिंह, उमाशंकर शर्मा, बबलु कुमार, कुशवाहा शिवपुजन मेहता, मुकेश चौधरी के नाम शाामिल हैं।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान करायें सुनिश्चित : विशेष प्रेक्षक

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र त्रिपाठी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह पलामू पहुंचे। दोनों विशेष प्रेक्षकों ने मेदिनीनगर में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विधानसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। तीनों जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान करने का निदेश दिया। विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव को लेकर मतदान पूर्व



पूरी तैयारी कर लें और कमियों को तत्काल दूर करते हुये अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पक्षपात रहित मतदान आवश्यक है। चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करते सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखते हुये अफवाहों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दें। विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान त्योहार का भी माहौल है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होने से स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहूलियत होगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित एवं प्रकाशित हो रहे न्यूज, आपत्तिजनक खबरें, फेक न्यूज पर प्रभावी कार्रवाई करने, व्हाट्सएप ग्रुप की पोस्ट को नियमित निगरानी रखते हुये आपत्तिजनक या दूसरों को आघात पहुंचाने वाले पोस्ट पर कार्रवाई करने, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त बाल किशन मुंडा झारखंड के अवर निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) सुनील कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक वाईएस रमेश, पलामू डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव, नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव : स्क्रूटनी में एक प्रत्याशी महेश प्रसाद सिंह का नामांकन रद्द

# भानू, पूर्व विधायक अनंत समेत 17 प्रत्याशी मैदान में

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान प्रत्याशियों से प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को की गई। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कार्यालय कक्ष में जांच के दौरान एक स्वतंत्र प्रत्याशी महेश प्रसाद सिंह के नामांकन पत्र में गड़बड़ी पाये जाने के कारण उसे रद्द कर दिया है। जबकि शेष 17 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र सही पाया



गया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि रद्द किये गये महेश प्रसाद सिंह के नामांकन पत्र में प्रत्याशी के द्वारा दो सेट में प्राप्त शपथ पत्र सौंपा गया था जो दोनों अधूरा था। जिस कारण उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव के लिये 18 प्रत्याशियों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 17 प्रत्याशियों यथा विधायक व भाजपा के भानू प्रताप शाही, पूर्व विधायक व झामुमो के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव, बसपा के पंकज कुमार चौबे, समाजवादी पार्टी के उमेंद्र कुमार यादव, आम अवाम मोर्चा के प्रत्याशी रामनरेश यादव, लोक अधिकार पार्टी के जयराम पासवान, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के नंदलाल राम, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के अजय कुमार सिंह, आजाद समाज पार्टी के रोशन कुमार, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के आदित्य कुमार गुप्ता, भाकपा के घनश्याम पाठक, निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार प्रजापति, राहुल प्रसाद गुप्ता, राजेश बैठा, वरुण बिहारी, विशेश्वर मेहता व युसूफ अंसारी चुनाव मैदान में हैं। स्क्रूटनी में सामान्य प्रेक्षक रितेंद्र नारायण बसु रॉय चौधरी, एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, एआरओ रौशन कुमार, नन्दजी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह समेत सभी प्रत्याशी मौजूद थे।

## बीडी प्रसाद के समर्थन में आये विभिन्न गांव के सैकड़ो लोग



**विश्रामपुर :** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के विश्रामपुर नगर मुख्यालय स्थित चुनावी कार्यालय में क्षेत्र के कई गांवों से आये सैकड़ों महिला-पुरुष व नौजवानों नें चुनाव में ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद को समर्थन देने के संकल्प के साथ मंच से जुड़ गये हैं। जिसका लाभ उन्हें चुनाव के दौरान मिलेगा। श्री प्रसाद ने मंच में शामिल हुये सभी लोगों को पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मजदूर किसान कामगार युनियन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा ने ब्रह्मदेव प्रसाद का समर्थन करते हुये उनके पक्ष में चुनाव प्रचार करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के हक अधिकार के लिये मंच को और मजबूत बनाने और बीडी प्रसाद को चुनाव में सहयोग करने का आह्वान किया।

## स्कूलों में छात्रों व अभिभावकों के बीच मतदान के महत्व पर चर्चा



**विश्रामपुर :** जनता हाईस्कूल में नगर परिषद के कर्मियों की ओर से मम्मी पापा वोट दो# अभियान के तहत छात्रों व अभिभावकों के बीच मतदान के महत्व को बताने के बाद मतदान करने के लिये जागरूक किया गया। जागरूकता व जानकारी के आभाव में जिले के कई मतदान केंद्रों पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 50 फीसदी से भी कम वोटिंग हुआ था। जिला प्रशासन ने इस बार वैसे मतदान केंद्रों पर जहां कम वोटिंग हुई थी इसबार चुनाव आयोग के निदेशों पर कई कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। वहीं जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं कराकर उनके माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान के लिये प्रेरित की जा रही है। मौके पर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, विद्यालय के प्राचार्य डॉ भोला कुमार राय सहित कई शिक्षक एवं सिटी मैनेजर, जेई, सुपरवाईजर व अन्य कर्मी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## भानू ने निकाली जन आशीर्वाद यात्रा



**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत चपरी, पंडरिया, सिंदुरिया, अरसली उत्तरी, अरसली दक्षिणी पंचायत में सोमवार को विधायक भानू प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। जन आशिर्वाद यात्रा के दौरान विधायक विधायक ने कहा कि जनता का तीन बार से आशीर्वाद मिलते आ रहा है, इसके लिये वे पंचायत के ग्रामीणों के ऋणी है। इस बार भी वह अपने काम के दाम के रूप में आशीर्वाद क्षेत्र के बेटा बनकर लेने उनके पास आये हैं। मौके पर मधुलता कुमारी, विजयलक्ष्मी, संगीता गुप्ता, संगीता बैठा, भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, विमलेश यादव, लल्लू ठाकुर, शैलेश चौबे, मनोज रजक, डोमन चन्द्रवंशी, सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

## इंदर सिंह नामधारी उतरे चुनाव प्रचार में



**मेदिनीनगर :** झारखंड विधानसभा के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने अपने पुत्र सह डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाते हुये आम लोगों से अपील की है कि यह विधानसभा चुनाव डालटनगंज विधानसभा की जनता की भविष्य का चुनाव है। दिलीप सिंह नामधारी को आशीर्वाद दीजिए, ताकि जनता की अपेक्षा को पूरा करने में दिलीप सफल हो सके। नामधारी ने कहा कि बिना पार्टी एवं जाति के निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप सिंह नामधारी खड़ा है। दिलीप की जीत लोकतंत्र की जीत होगी। नामधारी ने सदर प्रखंड के ग्राम पोलपोल, सिंदुरिया, लहलहे, चामा एवं झाबर सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण किया।

# जनता का अधिकार लूटने वालों के लिये आईना है यह विकास पुस्तिका : मिथिलेश ठाकुर



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने पांच वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा अंकित विकास पुस्तिका का विमोचन किया। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर पार्टी के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ इस विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस विकास पुस्तिका में मंत्री के पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों को दशार्या गया है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह विकास पुस्तिका का जनता का हक, अधिकार लूटने वालों के लिये आईना है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि यदि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे, सरकार यदि जनता के प्रति समर्पित रहे तब ऐसी पुस्तिका बनती है। मंत्री ने कहा कि इस विकास पुस्तिका में मेरे 5 वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत है। जनता को फिर से अपना निर्णय सुनना है और परिणाम देना है। अपने जनप्रतिनिधि के किये कार्यों का मजदूरी जनता को देना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत के सभी गांव एवं घरों में अपने विकास कार्यों को बताएंगे कि हमने पिछले 5 वर्षों में क्या किया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विधानसभा एवं गढ़वा जिला पहले निःशक्त कहलाता था। यह जिला विकास कार्यों से कोसों दूर था। यहां बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई, पर्यटन, धार्मिक, खेल आदि किसी भी क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ था। परंतु आज पूरे गढ़वा में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस विकास पुस्तिका को जरूर पढ़ें और आगामी 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में इस पुस्तिका पर विचार कर अपना मतदान करें। उन्होंने कहा कि जनता यदि इस पुस्तिका पर विचार कर निर्णय लेती है तो सारे प्रतिद्वंदियों का जमानत जब्त हो जायेगा। मौके पर मुख्य के रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, धनंजय तिवारी, डॉ यासीन अंसारी, डीपी सिंह, सुरेंद्रनाथ तिवारी, शंभू राम चंद्रवंशी, मदनी खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पारा शिक्षक को पितृशोक

**रमना :** मवि गम्हरिया के पारा शिक्षक सिलीदाग निवासी फुलेंद्र कुमार सिंह के 90 वर्षीय पिता जंगबहादुर सिंह का निधन हो गया। वे लंबे दिनों से बीमार चल रहे थे। श्री सिंह के निधन पर प्रधानाध्यापक विष्णुदेव मांझी, पूर्व प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद कर्ण, रामचंद्र सिंह, संतोष कुमार, अजीत कुमार, पवन सिंह, नीरज कुमार पाठक, मुकेश कुमार, अनील कुमार, अजय कुमार यादव सहित कई लोगों नें शोक व्यक्त किया है। वहीं सिलीदाग के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार श्रीधर सिंह के 58 वर्षीय पत्नी गीता देवी का निधन इलाज के दौरान रांची के एक अस्पताल में हो गया। गीता का अंतिम संस्कार सिलीदाग के मुक्तिधाम पर किया गया। गीता देवी के निधन पर जनवितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष कमलेश पांडेय, रवींद्र कुमार पाल, गुंजेश सिंह, राजु कास्कार, मनी साह सहित कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

### आत्महत्या का प्रयास

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के अखौरी तहले गांव में एक 28 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार महेश साह के 28 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता घरेलू विवाद में ऐसा हरकत किया था। जिसे उपचार के बाद सामान्य स्थिति बनी रहने की बात बताई जा रही है।

**विस चुनाव** झामुमो मय हो गया है पूरा झारखंड : मिथिलेश

# 500 लोग झामुमो में शामिल

### अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है भाजपा : धनंजय

### भाजपा को लगा एक और करारा झटका, वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी झामुमो में शामिल



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज होते जा रही है। गढ़वा जिला भाजपा में पूरी तरह से भगदड़ मच गई है। सोमवार को भाजपा को एक और करारा झटका लगा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता करूआ कला पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य धनंजय तिवारी ने भाजपा से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। श्री तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय के काफी करीबी माने जाते हैं। इसके साथ ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के 500 से अधिक लोग भी झामुमो में शामिल हो गये हैं। सोमवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतों से जीताने का संकल्प लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। इस दौरान शामिल होने वालो में मुख्य रूप से गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से निशांत कुमार, राहुल जोशी, राजा सिंह, आशा देवी, सरिता देवी, मनीषा कुमारी, मेराल प्रखंड के तिसरटेटुका पंचायत से भाजपा छोड़कर गिरजा देवी, पंचायत सचिव मरियम खातुन, अरिबा खातुन, कमला देवी, सोनी देवी, राजेश राम, गढ़वा प्रखंड के बीरबंधा पंचायत के मुखिया अजय ठाकुर के पिता सहित 500 से अधिक महिला, पुरूष एवं नव युवकों के नाम शामिल हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जो दल अपने आप को सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल कहती है उसका काम अब सिर्फ जुमलेबाजी, फूट डालो राज करो और व्यक्तिवाद पर निर्भर रह गई है। उस दल को लगातार आईना दिखाया जा रहा है। बड़े-बड़े नेता झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उसी कड़ी में आज वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी भी झामुमो में शामिल हो गये हैं। उन्हें आने से पार्टी और भी ज्यादा मजबूत होगी। भाजपा में कार्यककताओं की कोई अहमियत नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में किये गये बेहतर विकास कार्यों एवं राज्य में चलायी जा रही जनहित की योजनाओं के परिणाम स्वरूप आज पूरा गढ़वा ही नहीं बल्कि पूरा झारखंड झामुमो मय व इंडिया गठबंधन मय हो गया है। मौके पर धनंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। इसका मुख्य कारण है कि जो भी बाहर से आयातित लोग शामिल हो रहे हैं वे अपने हिसाब से संगठन को संचालित करते हैं। वैसी परिस्थिति में समर्पित कार्यकताओं को काफी घुटन महसूस होती है। समाजसेवा करने के लिये किसी बेहतर प्लेटफार्म की जरूरत थी, वो आज पूरी हो गई। मंत्री श्री ठाकुर के विकास क्षमता को देखते हुये वे झामुमो में शामिल हो गये हैं। मौके पर मुख्य के रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, धनंजय तिवारी, डॉ यासीन अंसारी, डीपी सिंह, सुरेंद्रनाथ तिवारी, शंभू राम चंद्रवंशी, मदनी खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच का खुला चुनाव कार्यालय

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** मुख्य शहर के बस स्टैंड के समीप ओबीसी एकता अधिकार मंच का चुनावी कार्यालय खोला गया। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी बाबू का भीषण सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण उनकी अनुपस्थिति में वयोवृद्ध अखिलेश पाल, मंच के केंद्रीय सचिव आनंद विश्वकर्मा एवं अमर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद का भीषण सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण उनके अनुपस्थिति में कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उन्होंने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तमाम आम आवाम लोगों को आह्वान करते हुये कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच की लड़ाई हम सब की लड़ाई है। हम सब को मिल एक सूत्र में बंधकर मंच को अधिकार दिलाने का समय आ गया है। आगामी 13 दिसंबर को होने वाले विधानसभा की चुनाव में अधिक से अधिक मत देकर ब्रह्मदेव प्रसाद के हाथों को मजबूत करना है। अमर प्रसाद ने कहा कि ब्रह्मदेव प्रसाद की भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण उनकी पत्नी रजनी देवी पूरे विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर ओबीसी एकता अधिकार मंच को अपना बहुमूल्य मत देने की अपील कर रही है। मौके पर अमर प्रसाद, आनंद विश्वकर्मा, अखिलेश पाल, विजय कमलापुरी, मानिकचंद प्रसाद, आदर्श कुमार, मनीष कुमार, सुदेश्वर शर्मा एवं सोनू जयसवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## 18 वीं झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# गढ़वा जिला जूनियर बालिका टीम बनी विजेता

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** बालक एवं बालिका वर्ग की 18 वीं झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल बहादुरपुर बोकारो जिला में संपन्न हुआ, जिसमें गढ़वा जिला जूनियर बालिका टीम विजेता बनी। जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में फाईनल मैच गढ़वा जिला एवं धनबाद जिला के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वा ने धनबाद टीम को 39-30 के अंतर से हराकर शील्ड पर कब्जा जमाया। गढ़वा टीम के खुशी कुमारी को बेस्ट रेडर का अवार्ड दिया गया। मौके पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने कहा कि गढ़वा जिला के कोच अजय कुमार गुप्ता व मैनेजर प्रियांजलि कुमारी के लगातार कठिन परिश्रम से गढ़वा जिला बालिका टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही नेशनल लेवल पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हमें गर्व है कि हमारे गढ़वा जिला में ऐसे कोच हैं जो अपने कोचिंग के दम पर गढ़वा जिला के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय लेवल पर खिलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने गढ़वा जिला के खिलाड़ियों अपने बेहतर प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दी। गढ़वा जिला बालिका टीम के कोच अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे बच्चे काफी मेहनती हैं, जिनके मेहनत के बदौलत आज हम लगातार चार वर्षों से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं, और आगे भी करने का कोशिश करते रहेंगे। जूनियर बालिका टीम को चैंपियन होने पर गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक, सचिव आलोक मिश्रा ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### एसजीएन स्कूल में वोटर जागरूकता के तहत पत्र लेखन का हुआ आयोजन



**मेराल :** विधानसभा चुनाव में वोटर जागरूकता को लेकर चुनाव आयोग की अनूठी पहल पर सोमवार को प्रखंड के मध्य एवं उच्च विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने मतदान करने के लिये माता-पिता के नाम पत्र लेखन किया गया। इस मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड गोंदा में अवस्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में ३मम्मी पापा वोट दो३ के तहत पत्र लेखन सह अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पत्र लेखन के पूर्व विद्यालय के शिक्षक एवं निदेशक के द्वारा मतदान की आवश्यकता एवं उनकी महत्ता पर उन्मुखीकरण किया गया। पत्र लेखन कार्यक्रम 11 से 12 बजे के बीच सम्पन्न किया गया तथा बच्चों को पत्र अपने घर ले जाकर माता-पिता को सौंपने और उनसे मतदान के दिन मतदान अवश्य करने का अनुरोध भी करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि यह संदेश अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचे तथा शत प्रतिशत लोग मतदान करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक करण कुमार कौशल, अजीत पांडेय, आकाशदीप, राहुल कुमार, मृणालीनि चक्रधारी, पूजा कुमारी, अखिलेश्वर मिश्रा, संजय कुमार गुप्ता, पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे। इससे अलावा भी अन्य स्कूलों में पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य परिवार ने निकाली विशाल मतदाता जागरूकता रैली



**मझिआंव :** झारखंड निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदान शत प्रतिशत हो जिसको लेकर बेहद तरीके से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसको लेकर गढ़वा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार स्विप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं पदाधिकारी के दिशा निदेर्शानुसार मझिआंव रेफरल अस्पताल परिसर से स्वास्थ्य परिवार के द्वारा विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली रेफरल अस्पताल परिसर से निकलकर ब्लॉक रोड होते हुये पुनः अस्पताल परिसर में समापन किया गया। यह जागरूकता रैली रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई। मौके पर बीटीटी परशुराम, राहुल कुमार वर्मा, सहिया साथी नीलम देवी, नुसरत खातून, कविता, शकुंतला, प्रेम देवी, मानपति देवी, आशा देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी एवं सभी सहिया उपस्थित थी।

### बीडीओ ने बूथों का किया भौतिक सत्यापन



**कांडी :** बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को विधानसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर प्रखण्ड के दर्जनों बूथों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि हरिहरपुर पंचायत के विभिन्न बूथों का आज सत्यापन किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक बूथों पर आवश्यक सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, स्नानघर, मतदान केंद्र का रंग रोगन, बिजली का प्लग प्वाइंट सहित अन्य आवश्यक कई विन्दुओं पर गहनता से जांच किया गया। उन्होंने बताया कि बूथों पर कोई कमी को लेकर सम्बंधित बूथ के व्यवस्थापक हेडमास्टर, मुखिया और बीएलओ को कमी को दो दिनों के अंदर पूरा कर लेने का निर्देश दिये गये। मौके पर राजस्व कर्मचारी सह सेक्टर मजिस्ट्रेट दीपक कुमार यादव भी उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की मिठाई दुकानों की जांच, मिठाई का सैंपल लिया

**विशुनपुरा :** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने प्रखंड के विभिन्न मिठाई दुकानों की जांच की। जांच के दौरान होटलों से मिठाई का सैंपल लिया गया। उन्होंने शुभम स्वीट्स, सत्यम ड्राईफ्रूट एवं कोल्ड्रिंक एंड मिष्ठान भंडार, कुंज फास्ट फूड एवं पनीर भंडार, अमित स्वीट्स, संगम होटल की जांच की। उन्होंने बताया कि दीपावली त्योहार को देखते हुये दुकानों की जांच की जा रही है। अलग अलग दुकानों से मिठाई का सैंपल लेकर सील किया गया है। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत देते हुये कहा कि मिठाई में मिलावट नहीं करना है तथा केमिकल, रंग का प्रयोग नहीं करना है। दुकान में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखना है। जांच के लिये सैंपल को रांची के नामकुम प्रयोगशाला भेजा जायेगा। गड़बड़ी पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत होटल संचालक पर कार्रवाई की जायेगी। उस मौके पर फूड विभाग के विवेक तिवारी, संतोष कुमार मौजूद थे।



## 30 साल बाद फिर रिलीज होगी 'करण अर्जुन, सलमान ने बतायी डेट

बॉलीवुड में ऐसे बहुत कम मौके आए हैं जब शाहरुख खान और सलमान खान ने एक साथ काम किया हो। लेकिन जब भी ऐसा हुआ तो बॉक्स ऑफिस पर एक नया इतिहास बन गया। 1995 में जब उनकी फिल्म 'करण अर्जुन' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई तो प्रशंसकों को इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स को एक साथ स्क्रीन शेयर करते देखने का मौका मिला। इस फिल्म में राखी गुलजार ने शाहरुख और सलमान की मां का किरदार निभाया था. तो वहीं दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी नेगेटिव रोल में नजर आए थे। फिल्म 'करण अर्जुन' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। इस फिल्म के बाद फैंस शाहरुख खान और सलमान खान को दोबारा एक साथ स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे थे। बीच में ऐसे भी मौके आए जब फैंस को दोनों को एक साथ देखने का मौका मिला। लेकिन, 'करण अर्जुन' में साथ नजर आने के बाद ये दोबारा नजर नहीं आ सके। अब फैंस आखिरकार शाहरुख खान और सलमान खान को एक बार फिर साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देख पाएंगे।

## परेश रावल ने फिल्म 'द ताज स्टोरी' की शूटिंग की पूरी



अभिनेता परेश रावल ने तुषार अमरीश गोयल द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द ताज स्टोरी' की शूटिंग पूरी कर ली है। मुख्य रूप से देहरादून, उत्तराखंड और आगरा के प्रतिष्ठित ताजमहल और उसके आसपास के वास्तविक स्थानों पर 45 दिनों की फिल्मांकन के बाद, प्रोडक्शन ने जश्न मनाते हुए इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया। निर्माता सीए सुरेश झा, लेखक-निर्देशक तुषार अमरीश गोयल और क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशम सहित फिल्म के कलाकारों और क्रू ने केक काटकर इस मील के पत्थर को चिह्नित किया। परेश रावल, जो एक गाइड के रूप में कलाकारों की टुकड़ी का नेतृत्व करते हैं, ने इस परियोजना के बारे में उत्साह व्यक्त किया, उन्होंने भारत के प्रसिद्ध स्थलों की सुंदरता और विरासत को दर्शाने वाली कहानी में अपनी विशिष्ट उपस्थिति जोड़ी। 'द ताज स्टोरी' में विविध और प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं। रावल के साथ, अभिनेता जाकिर हुसैन एक वकील की भूमिका निभाते हैं, जो कथा में एक आकर्षक परत जोड़ते हैं। अमृता खानविलकर ने एक पत्रकार की भूमिका में अपने हुनर का परिचय दिया है। अपने किरदार को प्रामाणिकता और जोश के साथ जीवंत करने का वादा किया है। कलाकारों में गहराई जोड़ने वाले जाने-माने अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, बिजेंद्र काला, शिशिर शर्मा, श्रीकांत वर्मा और अभिजीत लेहरी हैं, जिन्होंने कहानी की समृद्धि में योगदान देने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। फिल्म की अनोखी कहानी, वास्तविक स्थानों पर फिल्मांकन के साथ मिलकर, दर्शकों को एक ऐसा अनुभव प्रदान करने का लक्ष्य रखती है जो सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ कथात्मक गहराई को मिलाता है।



अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा

# झारखंड विस चुनाव में एनडीए व इंडी गठबंधन में परिवारवाद हावी

बंशीधर न्यूज



**रांची।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में कटि की टक्कर देखने को मिल सकती है। एनडीए और इंडी गठबंधन ने अधिकतर सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दोनों गठबंधनों की ओर से अब तक घोषित उम्मीदवारों में से 40 ऐसे प्रत्याशियों के परिवार की मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। इनमें 17 भाजपा, 10 झामुमो, आठ कांग्रेस, दो आजसू, दो माले और एक राजद के हैं। दोनों गठबंधनों ने राजनीतिक परिवारों से जुड़े जिन प्रत्याशियों को टिकट दिया है, उनमें मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक के रिश्तेदार शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन (बरहेट), बसंत सोरेन (दुमका), बहू सीता सोरेन (जामताड़ा), कल्पना सोरेन (गांडेय) चुनाव लड़ रहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन घाटशिला से चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका व मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर से चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

भवनाथपुर से भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप शाही झारखंड सरकार में मंत्री रहे हैं। सिसई से भाजपा उम्मीदवार आईपीएस अधिकारी रहे अरुण उरांव के पिता बंदी उरांव बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं। मधुपुर विधानसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी हफीजुल हसन, शिकारीपाड़ा के प्रत्याशी आलोक सोरेन, तमाड़ के प्रत्याशी विकास मुंडा के पिता भी मंत्री रह चुके हैं। मनोहरपुर के झामुमो प्रत्याशी जगत मांझी की मां मंत्री और पिता विधायक रहे हैं। कांग्रेस की बड़कागांव की प्रत्याशी अंबा प्रसाद, मांडर की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की, बेरमो के प्रत्याशी कुमार जयमंगल, पांकी के प्रत्याशी लाल सूरज के पिता भी मंत्री रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के प्रत्याशी अमित कुमार मंडल, अमित कुमार यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, उज्ज्वल दास, मंजू देवी के पिता विधायक रहे हैं। बगोदर के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पिता महेंद्र सिंह भी विधायक रहे हैं। निरसा के माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी के पिता भी इसी सीट से विधायक रहे हैं। झामुमो से डुमरी की प्रत्याशी बेबी देवी, ईचागढ़ की सबिता महतो, कांग्रेस की पाकुड़ की प्रत्याशी निशत आलम के पति भी मंत्री रहे हैं। इसके अलावा झरिया की भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के ससुर, सास व पति विधायक रहे हैं। वहीं, सिंदरी से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पति वर्तमान में विधायक हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश चतरा विधानसभा सीट से, बिहार सरकार में मंत्री रहे अवध बिहारी सिंह की बहू दीपिका पांडेय सिंह महगामा से चुनाव लड़ रही हैं। गिरिडीह से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी आजसू की टिकट से रामगढ़ विधानसभा सीट से व भाई रोशन चौधरी भाजपा की टिकट से बड़कागांव सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। धनबाद से सांसद ढुलू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो बाघमारा से भाजपा के प्रत्याशी हैं। चाईबासा की सांसद जोबा माझी के पुत्र जगत माझी, दुमका से सांसद नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन झामुमो के प्रत्याशी हैं।

कुल मिलाकर झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार परिवारवाद पूरी तरह हावी है लेकिन क्या परिवारवाद इंडिया और इंडी के बीच कड़ी टक्कर का गवाह बन सकती हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि 2023 के चुनावों में कौन सी पार्टी इन सीटों पर अपना परचम लहराने में कामयाब होती है।

## झामुमो में बंटी-बबली का सम्मान : हिमंता बिस्वा



**रांची।** झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकताओं को महत्व नहीं दिया जाता है। कांग्रेस परिवार और चाटुकारों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्तें हैं। कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए। उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने वाला हो। सरमा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में बंटी बबली का सम्मान होता है और शहीद के वंशजों का अपमान किया जाता है। सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं। हेमंत सोरेन तब तक पदाधिकारी का उपयोग करते रहे जब तक उन्होंने साथ दिया। आज पदाधिकारी जब उनके गलत चीजों का विरोध कर रहे हैं तब वे पदाधिकारी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि मुख्यमंत्री अफसर के खिलाफ खड़े हुए हों। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य गठन की प्रसव पीड़ा सही है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राज्य का गठन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है।

Hit लिस्ट

## पीएम मोदी आज बांटेंगे 51 हजार नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से



नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के सार्थक अवसर प्रदान करके सशक्त बनाएगा। रोजगार मेला देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार में शामिल होने वाले नए कर्मचारी शामिल होंगे।

## आतंकियों ने सेना की एम्बुलेंस पर की गोलीबारी

**जम्मू।** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को



निशाना बनाकर कई राउंड गोलीबारी की इस फायरिंग में किसी के घायल होने की खबर नहीं हैं, लेकिन सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में एक आतंकी मारे जाने की खबर है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीमें पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चला रही हैं। सोमवार सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेंस पर हमला किया है। अखनूर के बटाल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की।

रामगढ़ विधानसभा सीट से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी के नामांकन में शामिल हुए आजसू पार्टी के प्रमुख

# राज्य सरकार ने शासन को पंगु बना दिया : सुदेश महतो

**रामगढ़।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार चुनाव के समय चार सौ वादों की पोटली लेकर आई थी। उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। इन्होंने शासन को पंगु बना कर रख दिया है। आज कोई भी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है कोई काम करना भी चाहे तो उसे काम करने नहीं दिया जा रहा है। सुदेश ने सोमवार को रामगढ़ विधानसभा से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी के नामांकन के बाद बाजार टांड़ स्थित सिदो कान्हु मैदान में आयोजित नामांकन आशीर्वाद सभा में कही। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के शब्दकोश में विकास



नामक कोई शब्द ही नहीं है। पांच सालों में सबसे अधिक युवाओं को छला गया है। खाली पड़े पदों पर बहाली करने में नाकाम सरकार को शासन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। हमारी तैयारी नाकाम सरकार को उखाड़ फेंकने और राज्य की आवश्यकता को समझने व उसे पूरा करने वाली एनडीए सरकार को लाने की है। वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जनता वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों से आक्रोशित है। राज्य में इस बार एनडीए की सरकार बनना निश्चित है। रामगढ़ की जनता से हमारा सीधा जुड़ाव है। एनडीए के सभी कार्यकर्ता रामगढ़ में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए पंचायत से लेकर बूथ स्तर पर दी गई सभी जिम्मेदारियों को निभाएं। सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने सेवा का मौका दिया। रामगढ़ की जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता रही है। हर घर बिजली और हर खेत पानी पहुँचाने का काम हमने किया है। जनता अपने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के साथ सेवा का मौका अवश्य देगी।

## पाकुड़ व डुमरी के एनडीए प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

29 अक्टूबर को एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार पाकुड़ और डुमरी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पाकुड़ से अजहर इस्लाम और डुमरी से यशोदा देवी एनडीए की उम्मीदवार हैं। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)